बम भोले बम भोले गा ले

बम भोले बम भोले गा ले आया सावन तू कावडे उठा ले,
कावड़ में गंगा जल भर पिंडी पे जल तू चड़ा दे,
बम भोले बम भोले गा ले.....

कवडियो की टोली आई जय भोले की भोल रही,
चारो तरफ से देखो सबके कंधे पर कावड़ धोल रही,
मिल कर सारे गाते है भोले को आज मनाते है,
तू भी मस्ती में आ कर के भोले को आज मना ले,
बम भोले बम भोले गा ले.....

नाच रहा है झूम रहा है देखो तो अम्बर सारा,
गूंज रहा धरती अम्बर में भोले का जयकारा,
प्यारी प्यारी ये कावड़ सजी मेरे भोले सी प्यारी लगी,
आज उठा के कावड़ तू भी अपने भाग जगा ले,
बम भोले बम भोले गा ले.....

आज ख़ुशी से बोल रही दिल की ये मेरी धड़कन,
खुशियों से ये भर देंगे थाम लेंगे जिसका दामन
भोले को आज मनाऊ गा मैं भी कंधे पे कावड़ उठाऊ गा,
भर देंगे खाली झोली झोली आगे तू इनके फैला ले,
बम भोले बम भोले गा ले.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5638/title/bm-bhole-bm-bhole-ga-le-aaya-swan-tu-kawad-utha-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |